Title : Need to provide employment to local people and women in commercial establishments along newly developed Delhi-Mumbai Express highway in Dausa Parliamentary Constituency-Laid.

श्रीमती जसकौर मीना (दौसा): मेरे संसदीय क्षेत्र दौसा (राजस्थान) में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस हाईवे का प्रथम भाग पूर्ण हुआ । यह कार्य माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी का प्रयास है । इस हाइवे के साथ विश्राम क्षेत्र विकसित किए हैं । इन क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित होनी है । अतः मेरा अनुरोध है कि स्थानीय नागरिकों को रोजगार देने हेतु विभिन्न कार्यों में जैसे व्यवसायिक दुकान, टोल सर्विस के कार्य, सफाई व्यवस्था, खानपान सुविधा क्षेत्र जैसे अनेक रोजगार सृजित कर स्थानीय बेरोजगारों को अवसर दिया जाए । जिन किसानों की भूमि सड़क निर्माण में गई है उन्हें रोजगार दिया जाए । प्रत्येक विश्राम क्षेत्र में महिला संघ सहायता समूह को एक स्थान निर्धारित कर उनके उत्पाद को बेचने का मौका दिया जाए । बजट घोषणा में स्वयं सहायता समूह को सक्षम करने की पहल का आदर होगा । दौसा जिले में जनजाति के लोग पलायन से भी बच सकेंगे । टोल प्रबंधन में एक स्थान पर पूर्ण रूप से महिलाओं को यह जिम्मेदारी दी जाए ।